राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ .7(26)परीक्षा–ख/AEN/2017-18/25 दिनांक 16.06.2021

प्रेस–नोट

सहायक अभियन्ता (सिविल/विद्युत/यांत्रिकी) प्रतियोगी परीक्षा 2018 (राज्य सेवा) के मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक 04.03.2021 में अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 23.06.2021 से 27.07.2021 (प्रातः एवं सांय सत्र) एवं 28.07.2021 को प्रातः सत्र को संपादित की जावेगी। काउन्सलिंग में अभ्यर्थी को निर्धारित समय पर स्वयं को उपस्थित होना होगा। काउन्सलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से दिनांक 19.06.2021 से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर, निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर आयोग कार्यालय में उपस्थित होंवे।

कोरोना (COVID-19) महामारी के मद्देनजर उक्त काउन्सलिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अनुसार काउन्सलिंग दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना (COVID-19) जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से लेकर आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करे।

काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(शुभम् चौधरी)
सचिव